## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त –

दिनांक 15.12.2023 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

1– श्री अमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
2– समस्त सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
3– श्री एस0एन0 यादव, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बाराबंकी।
4– श्री अर्जुन सिंह गंगवार, डी0पी0एम0, टीपीआई एजेन्सी, बाराबंकी।
5– समस्त जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
6– स्थानीय प्रतिनिधि, समस्त अनुबन्धित फर्म।
7– प्रतिनिधि समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत 5 अनुबन्धित फर्मों द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें 1581 नग राजस्व ग्राम चयनित हैं। जनपद में 849 नग पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य जल जीवन मिशन अन्तर्गत पूर्ण किया जाना है।

**मै0 पी0एन0सी0**– फर्म द्वारा कुल 356 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 357 नग नलकूप, 3858 किमी0 वितरण प्रणाली, 357 नग शिरोपरि जलाशय, 333 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 172755 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 321 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 320 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 1813 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 319 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 24 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 47480 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 75 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने एवं सोलर अधिष्ठापन में वांछित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 31 दिसम्बर, 2023 तक 120 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी एवं सोलर अधिष्ठापन में भी वांछित प्रगति लायी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिदिन न्यूनतम 500 नग कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**मै0 मेघा इंजीनियरिंग**– फर्म द्वारा कुल 328 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 342 नग नलकूप, 3816 किमी0 वितरण प्रणाली, 328 नग शिरोपरि जलाशय, 320 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 163142 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 328 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 245 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 2402 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 305 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 111 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 57239 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 71 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने में वांछित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 31 दिसम्बर, 2023 तक 170 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिदिन न्यूनतम 500 नग कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**मै0 वी0एस0ए0** – फर्म द्वारा कुल 83 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 84 नग नलकूप, 1434 किमी0 वितरण प्रणाली, 84 नग शिरोपरि जलाशय, 72 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 49795 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 76 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 61 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 707 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 60 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 29 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 15639 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 15 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने में वांछित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 31 दिसम्बर, 2023 तक 30 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिदिन न्यूनतम 300 नग कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**मै0 वी0टी0एल0** – फर्म द्वारा कुल 44 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 58 नग नलकूप, 798 किमी0 वितरण प्रणाली, 46 नग शिरोपरि जलाशय, 44 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 34529 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 42 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 27 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 361 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 16 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 11 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 5133 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 02 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजनाओं अन्तर्गत प्रत्येक घटक में वांछित प्रगति न लाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 31 दिसम्बर, 2023 तक 20 नग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति प्रारम्भ करने के साथ–साथ योजनाओं के अन्य सभी घटकों में भी वांछित प्रगति लायी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिदिन न्यूनतम 200 नग कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**मै0 गायत्री–रेमकी(जेवी)** – फर्म द्वारा कुल 38 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 50 नग नलकूप, 425 किमी0 वितरण प्रणाली, 39 नग शिरोपरि जलाशय, 38 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 20971 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 34 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 47 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 378 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 28 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रारम्भ, 16 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 16365 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 24 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है।

फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त पेयजल योजनाओं में 31 दिसम्बर, 2023 तक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, अवशेष हाउस कनेक्शनों को 20 जनवरी, 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद अन्तर्गत खोदी गयी रोड की पुर्नस्थापना हेतु 31 दिसम्बर, 2023 तक वांछित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त कार्य को ससमय पूर्ण न करने पर सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध पेनाल्टी लगाये जाने हेतु चेतावनी दी गयी। सोलर अधिष्ठापन एवं शिरोपरि जलाशय के निर्माण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य में मैन पावर को बढ़ाते हुए प्रगति लायी जाय। सभी योजनाओं को प्रत्येक दशा में माह मार्च, 2024 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत 06 आई0एस0ए0 कार्यरत हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा आई0एस0ए0 से सम्बन्धित कार्यो को ससमय पूर्ण करने हेतु आई0एस0ए0 एजेन्सियों को निर्देशित किया गया। साथ ही जनजागरूकता कराते हुए जहां पर जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है, राजस्व ग्राम में जलकर वसूली हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

26/12/23
(सत्येन्द्र कुमार)
ह0 जिलाधिकारी
बाराबंकी

## कार्यालय जिलाधिकारी बाराबंकी

पत्रांक 3917 / कार्य–26 / 84 दिनांक 27-12-2023

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
2– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
3– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, बाराबंकी।
4– समस्त अनुबन्धित कार्यदायी फर्म।
5– समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी।

ह0 जिलाधिकारी
बाराबंकी